abp न्यूज़

पंजाब: नकली शराब के खिलाफ लड़ाई में बड़ी सफलता, पटियाला में 600 लीटर मेथेनॉल बरामद

Punjab Crime News: नकली और जहरीली शराब के खिलाफ लड़ाई में पंजाब पुलिस को आज बड़ी सफलता मिली है. अहम कदम उठाते हुए पटियाला जिला पुलिस ने आबकारी विभाग के सहयोग से 600 लीटर मेथनॉल केमिकल की बड़ी खेप जब्त करने में बड़ी सफलता हासिल की है. जब्त किए गए इस मेथनॉल रसायन का उपयोग अवैध शराब के उत्पादन में किए जाने का संदेह है. यह जानकारी पटियाला जिला पुलिस प्रमुख वरुण शर्मा ने दी.

बाबा बंदा सिंह बहादुर शंभू-बनूड़ रोड पर तेपला पुलिस चौकी के नजदीक जब्त ट्रक के पास प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एसएसपी वरुण शर्मा ने बताया कि पटियाला पुलिस ने यह बरामदगी डीजीपी गौरव यादव के निर्देशों के तहत की है, ताकि राज्य को नशा मुक्त बनाने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा नशे के खिलाफ शुरू की जा रही मुहिम के तहत नकली शराब के कारोबार को रोका जा सके.

Source: https://www.abplive.com/states/punjab/punjab-fight-against-spurious-liquor-gets-major-success600-litres-of-methanol-seized-in-patiala-ann-2943238